तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026

13 पाटन नगर पंचायत में तालाब के पानी की चोरी...



14 गुरु महिमा, कुलदेवी पूजन और पारिवारिक ...





# शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने बच्चों से किया संवाद, क्लास रूम पहुंचकर सिखाया पहाड़ा

**सेजेस बोरसी, आदर्श कन्या व जेआरडी स्कूल प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने क्लासरूम पहुंचे और बच्चों के बीच बैठकर उनसे संवाद किया। विद्यार्थियों से पहाड़े सुनने के साथ स्वयं भी उन्हें सरल तरीके से पहाड़ा सिखाया तथा पढ़ाई को रुचिकर बनाने के लिए प्रेरित किए। बच्चों की जिज्ञासाओं का उत्तर देते हुए उनके सपनों, भविष्य की आकांक्षाओं और लक्ष्य के बारे में चर्चा की तथा उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने और निरंतर मेहनत से आगे बढ़ने का संदेश दिया। मंत्री श्री यादव शाला प्रवेशोत्सव के तहत मंगलवार को दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के बोरसी स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, आदर्श कन्या शाला एवं जेआरडी विद्यालय में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किये तथा उन्हें नवीन शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गणवेश एवं जूते भी वितरित किए गए। शिक्षा मंत्री बताया यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित पालकों से भी मुलाकात कीये और उनसे अपने बच्चों की नियमित पढ़ाई, विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किये। उन्होंने कहा कि बच्चों की पहली पाठशाला उनका परिवार होता है और अभिभावकों का सहयोग ही उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की सबसे बड़ी प्रेरणा देता है।



### स्मार्ट क्लास लोकार्पित

विद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास का लोकार्पण करते हुए मंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित शिक्षण व्यवस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सक्षम बनाएगी।

### संस्कार, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास पर जोर

शिक्षा मंत्री यादव ने छात्राओं एवं शिक्षकों से भी संवाद करते हुए शिक्षा के साथ संस्कार, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और छात्राओं को पूरी लगन, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ अध्ययन कर अपने परिवार, समाज और प्रदेश का नाम गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किए।

## खबर संक्षेप

### दो लाख का गांजा आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर रोड, बिहारी मोहल्ला के सामने नहर पार के पास गांजा बेचने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर खुर्सीपार निवासी हरिशंकर यादव उर्फ जुगनु यादव को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि 4 किलो 198 ग्राम अवैध गांजा और एक्टिवा वाहन को जब्त किया गया। गांजा की कीमत करीब 2 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी के पास से बिक्री रकम 300 भी बरामद किया है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अपने आसपास में अवैध रूप से गांजा का कारोबार अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत पुलिस को सूचना दे।

### आरक्षक ने फर्जी दस्तावेज किया पेश, अपराध दर्ज

**भिलाई।** फर्जी दस्तावेज पेश कर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में आरक्षक की नौकरी पाने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि वर्ष 2025 में एसएससी आरक्षक के पद पर मोहित ने भर्ती स्थल भेल ग्राउंड भोपाल एमपी दस्तावेज पेश किया था। जिसमें जांच के दौरान उसका जाति, निवास प्रमाण पत्र का सत्यापन करने पर दस्तावेज फर्जी निकला। उप महानिरीक्षक कार्यालय केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल गृह मंत्रालय आरटीसी भिलाई ने जिसकी शिकायत उतई पुलिस से की गई। पुलिस ने मोहित के दस्तावेज जांच के बाद फर्जी पाए गए। अभ्यर्थी मोहित ने अपना जाति प्रमाण पत्र कुटरचित, फर्जी पाया गया। एसएससी आरक्षक जीडी भर्ती 2025 के तहत केऔसुब में आरक्षक जीडी पद पर नियुक्त बल संख्या 260715881 भुतपूर्व आरक्षक जीडी मोहित के द्वारा भोपाल में शारीरिक दक्षता टेस्ट एवं शारीरिक मेजरमेंट टेस्ट संपूर्ण दस्तावेज जमा कराया। सभी टेस्ट में पास होने के बाद मोहित को आरटीसी भिलाई उतई भेजा गया। आरटीसी में बुनियादी ट्रेनिंग प्राप्त कर रहा था। तभी स्थाई पता प्रमाण पत्र जारीकर्ता अधीकारी से सत्यापन कराने पर तहसीलदार लालबर्रा जिला बालाघाट एमपी के कार्यालय से उसके स्थाई पता ग्राम पंचायत रमपुरी तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश गलत पाया गया है।

**प्लांट में तीन बार चोरी करते पकड़े जाने के बाद भी सरगना की एंट्री कैसे**

**बीएसपी के अधिकारी और सीआईएसएफ की भूमिका संदिग्ध**

# सालों से बीएसपी के अंदर चलता रहा संजय सिंह का अवैध कार्यालय, मिली फर्जी नंबर प्लेट

डॉ. संदीप उपाध्याय ⏭ भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट के अंदर से 250 टन से अधिक लोहा (स्क्रैप) चोरी के मामले में एक बड़ा सच सामने आया है। इस मामले में जहां बीएसपी की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ और बीएसपी के अधिकारी अपनी भूमिका होने से पल्ला झाड़ रहे हैं, वहीं पुलिस को जांच में प्लांट के अंदर मामले के मुख्य आरोपी संजय सिंह का कार्यालय मिला है। उस कार्यालय के अंदर बैठकर ही वह चोरी के पूरे खेल को चलाता था। वहां से पुलिस को ट्रकों में लगने वाली फर्जी नंबर प्लेट व कुछ अहम दस्तावेज भी मिले हैं। इनकी जांच की जा रही है।

प्लांट के अंदर से फ्लाई ऐश की आड़ में लोहे के स्क्रैप चोरी करने की पीएमओ में शिकायत के बाद कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह और एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल ने मामले की जांच शुरू की। जांच में कई चौकाने वाले साक्ष्य सामने आए। पुलिस ने इस मामले में अब तक 13 आरोपियों को हिरासत में ले चुकी है। इसमें मुख्य आरोपी खुर्सीपर निवासी संजय सिंह और आकाश सिंह का नाम सामने आया है। पुलिस ने जब प्लांट के अंदर मामले की तप्तीश शुरू की तो वहां उन्हें एक अवैध कार्यालय मिला। जो की रेल मिल के नजदीक है। जांच में पता चला कि यह कार्यालय संजय सिंह का है वो यहीं बैठकर चोरी के इस पूरे सिंडीकेट को चलाता था। पुलिस ने जब कार्यालय की तलाशी ली तो वहां से बड़ी संख्या में ट्रकों की फर्जी नंबर प्लेट जब्त की गई। कुछ ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिसमें कई बड़े लोगों के नाम के साथ उनकी भूमिका भी जिक्र किया गया है। हालांकि पुलिस सभी साक्ष्यों को जब्त कर जांच कर रही है।

**खास बातें**

- 3.22 करोड़ का स्क्रैप चोरी
- अब तक 250 टन से अधिक स्क्रैप चोरी
- दो मुख्य आरोपी सहित 13 पुलिस की गिरफ्त में
- संजय सिंह के पास से 3.50 करोड़ की संपत्ति जब्त

**जल्द होगा कई बड़े नामों का खुलासा**



प्लांट के अंदर संजय सिंह का कार्यालय।

**लगातार**




### तीन बार लोहा चोरी का आरोपी है संजय

संजय सिंह पहली बार बीएसपी से लोहा चोरी के आरोप में जेल नहीं गया है। इससे पहले भी वो तीन बार लोहा चोरी के मामले में आरोपी रह चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि तीन-तीन बार बीएसपी से लोहा चोरी करने का आरोपी रहने के बाद भी बीएसपी और सीआईएसएफ ने ऐसे व्यक्ति को प्लांट के अंदर काम करने की परमिशन किसके कहने पर दी और वहां उसका अवैध कार्यालय किसकी शह पर बना।

### सीआईएसएफ व बीएसपी के कई बड़े अफसर शामिल

दुर्ग पुलिस के जांच अधिकारी से बात करने पर पता चला कि पूरे मामले में बीएसपी और सीआईएसएफ कई बड़े अधिकारी शामिल हैं। उनकी जांच जारी है। दोनों ही अधिकारी एक केंद्रीय इकाई के नियोक्ता हैं, इसलिए उनकी गिरफ्तारी से पहले सेंट्रल से परमिशन लेनी पड़ेगी। इसके लिए पुलिस ने प्रोसेस भी शुरू कर दी है। अनुमति मिलने के बाद सभी की गिरफ्तारी की जाएगी। साथ ही साथ शहर के कई बड़े नामी लोग पर भी पुलिसिया कार्रवाई की गाज गिर सकती है।

### इतना बड़ा कार्यालय कैसे नहीं दिखा सीआईएसएफ को

जांच अधिकारी ने बताया कि भिलाई स्टील प्लांट के अंदर और बाहर आने जाने वालों की बारीकी से तलाशी होती है। यहां तक की कर्मचारियों के खाने के टिफिन तक को खोलकर चेक किया जाता है। प्लांट में जगह जगह सीआईएसएफ के चेकपोस्ट होने के साथ ही उनकी पेट्रोलिंग टीम गश्त करती है। फ्लाई ऐश से भरे ट्रक में शब्बल मारकर चेक किया जाता है। ऐसे में प्लांट के अंदर बना संजय सिंह का अवैध कार्यालय उनको कैसे नहीं दिखा? साथ ही ट्रकों में डस्ट के नीचे लोहे के इतने बड़े बड़े स्क्रैप कैसे पार हुए? इसका जवाब न तो बीएसपी के अधिकारियों के पास है और न सीआईएसएफ के पास।

**सभी के खिलाफ होगी कार्रवाई** पुलिस मामले की तप्तीश कर रही है। एक एक पहलू को जोड़कर सबूत के साथ जांच की जा रही है। इस सिंडिकेट में जो भी शामिल है सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह भारत की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी, दुर्ग

# म्यूल खाता केस में 15 हिरासत में आठ को नोटिस देकर छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने 23 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि म्यूल खातों में अवैध रूप से लेनदेन कर ठगी करने वाले पुलिस ने 15 को हिरासत में लिया है। वहीं 8 को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, आधार कार्ड, बैंकिंग से जुड़े अन्य दस्तावेज भी बरामद किए गए है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बैंक खातों की जानकारी, तकनीकी इनपुट और अन्य सुरागों के आधार पर जांच करना शुरू किया। जांच में पता चला कि कुछ लोग कमीशन के बदले साइबर अपराधियों को अपने बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से हासिल रकम के लेनदेन के लिए उपयोग किया जाता था। पुलिस ने सोनिया गांधी नगर, खुर्सीपार निवासी राकेश गुप्ता, कैम्प-2 शर्मा कॉलोनी, छावनी के हरिश, सेक्टर 11 खुर्सीपार योगेश राजभर, कन्हैया लाल,अखिलेश सोनकर, महात्मा गांधी नगर कार्तिक, खुर्सीपार मोनू चतुर्वेदी, हथखोज पवन कुमार साव,वैशाली नगर पीयूष बिजलानी, भिलाई अभय मिश्रा. राजीव नगर

- **छावनी पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना, महिलाएं भी है शामिल**

छावनी सुनील प्रसाद, शर्मा कालोनी भिलाई लखविंदर सिंह, सचिन पाल, विवेकानंद नगर, कैम्प-2 रोहित ठाकुर, राम नगर कोहका नरेन्द्र को हिरासत में लिया है। इसके अलावा आठ लोगों को नोटिस देकर छोड़ गया है। जिसमें आजाद नगर पावर हाउस निक्की राव , जवाहर नगर सुपेला सुधा सिंह, एकता चौक भिलाई शिव कुमरा सिंह, गौतम नगर खुर्सीपार मोहम्मद शबीर, स्मृति नगर सागर हरी, राजीव नगर छावनी जय प्रकाश नारायण, एकता नगर छावनी मोहन मेहतो और खुर्सीपार पवन गुप्ता शामिल है।

# टाउनशिप के रिटेंशनधारियों के बाद अब हजारों लायसेंसधारियों को भी बेघर होने की सता रही चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के सैकड़ों रिटेंशनधारियों के बाद अब हजारों लायसेंसी आवासधारियों के खिलाफ बीएसपी प्रबंधन का शिकंजा कसने लगा है। आवास खाली कराने के नोटिस से असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने रिटेंशनधारियों के साथ लायसेंधारियों को भी एकजुट कर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि पिछले पंद्रह साल से सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारियों के लिए चल रही रिटेंशन आवासीय योजना को दिसंबर में बंद करने और भारी किराया वृद्धि से परेशान करीब डेढ़ हजार रिटायर रिटेंशनधारी लायसेंस पर आवास दिए जाने की मांग कर रहे थे। लेकिन अब प्रबंधन द्वारा रिटेंशन की तरह लायसेंसी आवासधारियों को बेघर किए जाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी द्वारा लायसेंस पर दिए गए आवासों का का नवीनीकरण किया जाना बंद कर दिया गया है।

### पहले कर चुके धरना और रैली

बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा रिटेंशन किराया वृद्धि के खिलाफ पहले धरना प्रदर्शन व रैली की जा चुकी है। अब रिटेंशनधारियों के बाद लायसेंसधारियों के इस आंदोलन से जुड़ने से प्रबंधन पर दबाव बढ़ेगा। यूनियन के मुताबिक सांसद विजय बघेल से नियमित मिलकर बीएसपी और दिल्ली सरकार से दोनों आवासीय समस्याओं के जल्द निदान की मांग की जा रही है। लायसेंसधारियों ने बताया कि हम साठ साल पुराने हो चुके आवासों का किराया देने के साथ बीएसपी का मेंटेनेंस खर्च मे होने वाला राजस्व भी बचा रहे हैं। वहीं कब्जों पर कब्जे समस्या से भी प्रबंधन निश्चिंत है। करोड़ों का राजस्व भी बीएसपी को मिल रहा है। फिर आवासों को खाली कराना समझ से परे है।

# कंपनी से लाखों रुपए का गबन दो कर्मी के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कंपनी से लाखों रुपए का गबन करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने कंपनी के दो कर्मियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि पदमनाभपुर निवासी सविता श्रीवास्तव ने बताया कि पिता स्व. राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की स्वास्तिक इण्डस्ट्रीयल एड का संचालन करते थे। जिनका निधन 8 अप्रैल 2026 को हो गया है। पिता के कंपनी मे सेल्स एवं मार्केटिंग डिपार्टमेंट के कर्मी चाणक्य साहू और अकाउण्टेन्ट संतोष ठाकरे के द्वारा पिता के निधन के बाद अंतिम कार्यक्रम के समय व्यावसायिक मित्र प्रदीप जैन ताराचंद रमेश कुमार नामक फर्म के संचालक है। पिताजी का अक्सर इनके साथ व्यावसायिक लेन-देन होते रहता था। जिनसे 3 अप्रैल को तीन लाख नगद, 8 अप्रैल की 3.22 लाख रुपए नगद लिया। चाणक्य साहू व संतोष ठाकरे द्वारा उक्त राशि के बारे में कोई जानकारी कम्पनी के किसी भी कर्मी या परिवार के सदस्यों को नहीं दी। न ही उक्त कुल रकम 6.22 लाख रुपये उनके द्वारा कम्पनी में जमा की गई। जिसे लेकर पुलिस में शिकायत की गई।




**चार फेरे लगाएंगी यह स्पेशल ट्रेन**

# रथयात्रा पर चलेगी 2 जुलाई से स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रेलवे ने रथयात्रा के अवसर पर यात्रियों को भीड़ से बचने के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन 2 जुलाई से शुरू करेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गोंदिया पुरी गोंदिया के मध्य ट्रेन 08801/08802 रथयात्रा स्पेशल का संचालन चार-चार फेरों में किया जाएगा। जिसके तहत ट्रेन 08801 (गोंदिया पुरी) रथयात्रा स्पेशल 2, 9, 16 -29 जुलाई को गोंदिया से 13.30 बजे प्रस्थान कर डोंगरगढ़ आगमन 14.30 बजे, प्रस्थान 14.32 बजे, राजनांदगांव 15.00 बजे प्रस्थान 15.02 बजे, दुर्ग आगमन 15.58 बजे प्रस्थान 16.00 बजे, रायपुर आगमन 17.10 बजे प्रस्थान 17.20 बजे, खरियार रोड़ आगमन 19.30 बजे प्रस्थान 19.32 बजे, कंटाबांजी आगमन 20.45 बजे प्रस्थान 20.50 बजे, टिटलागढ आगमन 21.35 बजे प्रस्थान 22.00 बजे, बलांगीर जंक्शन आगमन 22.50



बजे प्रस्थान 22.55 बजे, बरगढ़ रोड़ आगमन 23.55 बजे प्रस्थान 23.57 बजे, संबलपुर जंक्शन 01.10 बजे प्रस्थान 01.20 बजे, अनुगुल आगमन 04.55 बजे प्रस्थान 05.00 बजे, तालचेर रोड़ आगमन 05.15 बजे प्रस्थान 05.17 बजे, ढेंकानाल आगमन 05.55 बजे प्रस्थान 5.57 बजे, कटक आगमन 06.55 बजे प्रस्थान 7.00 बजे, भुवनेश्वर आगमन 08.05 बजे प्रस्थान 08.10 बजे, खुर्दा रोड आगमन 08.45 बजे प्रस्थान 08.55 बजे और पुरी 10 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा ट्रेन 08802 (पुरी गोंदिया) रथयात्रा स्पेशल पुरी से 3 जुलाई, 10 जुलाई, 17 जुलाई 30 जुलाई 2026 को पुरी से 13.00 बजे रवाना प्रस्थान कर खुर्दा रोड आगमन 13.42 बजे प्रस्थान 13.52 बजे भुवनेश्वर आगमन 14.20 बजे प्रस्थान 14.25 बजे, कटक आगमन 14.55 बजे प्रस्थान 15.00 बजे, ढेंकानाल आगमन 15.52 बजे प्रस्थान 15.54 बजे, तालचेर रोड़ आगमन 16.38 बजे प्रस्थान 16.40 बजे, अनुगुल आगमन 16.51 बजे प्रस्थान 16.56 बजे, संबलपुर जंक्शन 19.23 बजे प्रस्थान 19.33 बजे करेगी।

### यहां ट्रेनों का ठहराव

ट्रेन मार्ग में डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, खरियार रोड, कांटाबांजी, टिटलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, संबलपुर, अंगुल, तालचेर रोड, ढेंकानाल, कटक, भुवनेश्वर एवं खुर्दा रोड स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में निर्धारित समयानुसार ठहराव करेगी। कोच संरचना दिव्यांक अनुकूल सह गार्ड- 2, शयनयान-10, तृतीय एसी -3, द्वितीय एसी-2 समेत कुल 20 आईसीएफ कोच की सुविधा होगी।

### लाखों रुपए का गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गांजा तस्करी करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम मुरमुंदा आम रोड में अवैध वस्तुओं के परिवहन की रोकथाम वाहन चेकिंग चल रहा था। तभी सूचना मिली कि सीजी 04 एमजी 0156 में सवार दो युवक गांजा का परिवहन कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में ग्राम सरोरा, थाना उरला, जिला रायपुर निवासी सन्नी साहू उर्फ माया, त्रिलोचन साहू उर्फ जय प्रकाश बताया है। युवकों के पास से पुलिस ने 5.189 किलोग्राम गांजा जिसकी कीमत 2.50 लाख रुपए आंकी गई। बाइक 30 हजार रुपए का जब्त किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों को न्यायालय में पेश किया गया।



# कर्जमाफी से वंचित किसानों का कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन

## ऋण वसूली व नीलामी पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा के ग्राम खपरी (परसबोड़), कुटहा, पेंड्री एवं खैरझिटी के किसानों ने मंगलवार को किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कृषि ऋण वसूली एवं भूमि नीलामी की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया तथा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की कि ऋण वसूली एवं भूमि नीलामी की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा कर्जमाफी से वंचित किसानों के मामलों की निष्पक्ष जांच कर उन्हें राहत प्रदान की जाए।



किसानों का कहना है कि उन्होंने, भिलाई नेहरू नगर स्थित बैंक से कृषि कार्य के लिए ऋण लिया था। राज्य सरकार की कर्जमाफी योजना के दौरान कई किसानों का ऋण माफ किया गया, लेकिन बैंक द्वारा यह स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई कि किन किसानों को योजना का लाभ मिला और किन्हें नहीं। जानकारी के अभाव में अनेक किसानों को यह विश्वास हो गया कि उनका ऋण भी माफ हो जाएगा। बाद में जब बैंक ने ऋण वसूली एवं भूमि नीलामी के नोटिस जारी किए, तब उन्हें वास्तविक स्थिति का पता चला। किसानों ने बताया कि इस संबंध में 10 जून 2026 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), धमधा को भी लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं बैंक की ओर से लगातार वसूली नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिससे किसान और उनके परिवार आर्थिक एवं मानसिक संकट का सामना कर रहे हैं। ज्ञापन में किसानों ने ऋण वसूली एवं भूमि नीलामी की कार्रवाई पर रोक लगाने, कर्जमाफी से वंचित किसानों के मामलों की जांच कराने, बैंक की लापरवाही की जांच करने तथा बकाया ऋण, ब्याज एवं दंडात्मक शुल्क में विशेष रियायत देने की मांग की। साथ ही बैंक से कर्जमाफी प्राप्त एवं वंचित किसानों की नामवार सूची सार्वजनिक करने की मांग भी की गई।

प्रदर्शन के दौरान उपस्थित कलेक्टर के प्रतिनिधि ने किसानों को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की किसानों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में किसानों की सभी समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसानों के साथ मिलकर आगे और व्यापक आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और प्रशासन से शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में - बाबा टेक सिंह चंदेल किसान नेता, आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु, ढालू वर्मा अध्यक्ष लोधी समाज धमधा सर्किल, डॉ जोहन वर्मा पूर्व जनपद सदस्य, मोती वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, जयप्रकाश विश्वकर्मा, पेखन यादव, भवानी सिंह, राजेंद्र वर्मा, गंगाराम कुर्रे, तेजेश्वर सोनवानी, कमल नारायण सुपंथक, नीलम खरे, पंचराम साहू, हेमराज साहू, सुभाष साहू, कुशल वर्मा, इत्यादि ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**अण्डा।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी ख में मंगलवार को नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच कुसुम देशमुख, उपसरपंच अंशु गायकवाड़, प्राचार्य रीना वाणी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष ललित कुमार साहू, उपाध्यक्ष धनेसवारी टंडन, एवं समिति सदस्य रोशन लाल सेन उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकीय स्टाफ में व्याख्याता देशलहरे मैडम, प्रधान पाठक हेमकिरण चंद्राकर, इंदिरा वानखेड़े, सती चंद्राकर, श्वेता साहू, हानिता साहू, उमेश साहू, भूमिका साहू, सविता गायकवाड़ एवं छाया गायकवाड़ सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।


### भंसूली शीतला मंदिर में वीर हनुमान की स्थापना



**पाटन।** ग्राम भंसूली के शीतला मंदिर प्रांगण में वीर हनुमान की मूर्ति स्थापित की गई। गुरु वातन समिति द्वारा प्रदत्त बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा पंडित राजेंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोचारण से विधिवत पूजा अर्चना से की। इस दौरान अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग,पद्मभूषण साहू उपसरपंच,डॉ के के साहू, बालमकुंद साहू, बिसहत निर्मल, भूषण मंडल, महेंद्र हिरवानी, श्रवण बैगा, कामता साहू, भानुप्रताप साहू, महावीर निर्मल, नंद कुमार साहू, ईश्वर हिरवानी, रामनारायण मंडल, खेलू साहू, तामू साहू, नेतराम साहू, फेकून सोनवानी आदि मौजूद थे।

## निधन

### शैला सिंह चंदेल



**दुर्ग।** पोलसायपारा वार्ड 27 निवासी पूर्व पार्षद शैला सिंह चंदेल (87 वर्ष) मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार बनारस में की जाएगी। वे स्व. गोविंद सिंह चंदेल की पत्नी और स्व. राजेश सिंह चंदेल, पूर्व पार्षद देवेन्द्र सिंह चंदेल, नरेन्द्र सिंह चंदेल, सुरेन्द्र सिंह चंदेल, बीरेंद्र सिंह चंदेल की मां थीं।

### ऋतु सिन्हा



भिलाई। प्राचार्य ऋतु सिन्हा (54 वर्ष) सेक्टर 2, भिलाई निवासी का निधन हो गया। अंतिम यात्रा 1 जुलाई को दोपहर 2 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे अभिताभ किशोर सिन्हा की पत्नी और काव्या श्रीवास्तव की मां थी।

### सुरेन्द्र साहू

**सेलूद।** शास्त्री चौक सेलूद निवासी सुरेन्द्र साहु (72) का निधन हो गया। वह सतीश साहू के पिताजी , हिरेन्द्र साहू, शिवरेन्द्र (मुन्ना) साहू के बड़े भाई और कान्हा साहू के दादाजी थे।

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार श्री नमन पारख, उम्र 30 साल, आ. श्री विनोद पारख, निवासी चौहान ड्रीम होम, क्वार्टर नं. जी/2, जुनवानी रोड, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा दिये गये अधिकार पत्र एवं निर्देश के तहत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अपने स्वामित्व एवं कब्जे की मोतीलाल नेहरू पश्चिम आवासीय योजना, वार्ड 03 कोसा नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) भू खण्ड क्रमांक 01, ब्लाक क्रमांक 13, कुल क्षेत्रफल 15 मी. × 24 मी. = 360 वर्गमीटर, पर प्रथम तल एवं भूतल पर बने भवन / मकान का बिना प्रतिफल लिये सजल कुमार जैन एवं मोहित कुमार जैन दोनों आ. श्री राजेन्द्र कुमार जैन निवासी सहेली अलंकरण, आकाश गंगा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.) के पक्ष में उनके बहकावे में आकर हकत्याग कर दिया गया था। जिसे वह सक्षम न्यायालय में चुनौती दे रहा है। उक्त सापत्ति विवादित है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें।

अतः इस आम सूचना के आम जनता, फर्म, संस्था, बैंक, महाजन, शासकीय व अशासकीय निकाय, निगम इत्यादि को ताकिद किया जा रहा है कि उपरोक्त उल्लेखित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें और यदि की गई तो उसके लिये वह स्वयं जिमेदार एवं जवाबदार होगा। वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक: 30/06/2026

एन. रवि कुमार एवं एन. वी. के. राजश्री अधिवक्तागण
म. नं. 218/सी, स. नं. 19, स्मृति नगर,
भिलाई नगर, तह. व जिला दुर्ग
मो.: 9424118666

## हनुमान सरोवर को लेकर सजग हुए स्थानीय नागरिक

# पाटन नगर पंचायत में तालाब के पानी की चोरी, सीएमओ के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई

### हनुमान सरोवर से पास के खेत के लिए चुराया जा रहा था पानी, सीएमओ ने तत्काल भेजी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन स्थित हनुमान सरोवर से पानी की चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सरोवर के पीछे स्थित एक निजी खेत में मोटर पंप के माध्यम से तालाब का पानी अवैध रूप से सिंचाई के लिए लिया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने तत्काल कर्मचारियों की टीम को मौके पर भेजकर पानी की चोरी रुकवाई।

हनुमान सरोवर नगर के प्रमुख आकर्षणों में से एक है। यहां मछली पालन किया गया है, जिसे देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। सुबह और शाम स्थानीय नागरिक सरोवर के आसपास घूमने आते हैं। ऐसे में तालाब का जलस्तर बनाए रखना नगर पंचायत की प्राथमिकता है, ताकि सरोवर की सुंदरता और पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित न हो। सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि इन दिनों भीषण गर्मी के कारण जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। यदि तालाब का पानी लगातार अवैध रूप से खेतों में उपयोग किया जाता रहा तो जलस्तर तेजी से घट सकता है, जिससे मछलियों के साथ-साथ सरोवर की प्राकृतिक सुंदरता भी प्रभावित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक जल स्त्रोतों से पानी की चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।





नगर पंचायत ने ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं सार्वजनिक तालाब, नहर या अन्य जल स्त्रोतों से अवैध रूप से पानी निकाला जा रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल नगर पंचायत को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हनुमान सरोवर नगर की पहचान है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी सभी की है। जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता और प्रशासन की सतर्कता से ही ऐसे सार्वजनिक जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखा जा सकता है।

# कसही के सपूत मेजर जनरल सुधीर को मिला अति विशिष्ट सेवा मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में किया सम्मानित

सेलूद के समीपस्थ ग्राम कसही के मूल निवासी मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा को राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 'अति विशिष्ट सेवा मेडल' से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें भारतीय सेना में उत्कृष्ट नेतृत्व, विशिष्ट सेवाओं और राष्ट्र के प्रति असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया। वर्ष 1989 में भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त करने वाले मेजर जनरल सुधीर कुमार शर्मा ने लगभग चार दशकों तक जम्मू-कश्मीर, सियाचिन, कारगिल और पूर्वोत्तर भारत जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद-रोधी एवं उग्रवाद-रोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे भारतीय सेना के प्रशिक्षित हेलीकॉप्टर पायलट भी रहे हैं।उन्होंने लगभग साढ़े तीन वर्षों तक फ्रांस में भारत के रक्षा अताशे के रूप में सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल में भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग को नई गति मिली तथा राफेल लड़ाकू विमान और स्कॉर्पीन पनडुब्बी जैसी महत्वपूर्ण रक्षा परियोजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई।

वर्तमान में मेजर जनरल शर्मा इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक हैं। उनके नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत भारतीय सेना के लिए छह लाख अत्याधुनिक एके-203 असॉल्ट राइफलों का निर्माण किया जा रहा है। इससे पूर्व उन्हें दो बार सेना मेडल तथा विशिष्ट सेवा मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है। अति विशिष्ट सेवा मेडल उनके सैन्य जीवन का चौथा प्रमुख राष्ट्रीय सैन्य सम्मान है।



# महान संत कबीर का संदेश आज भी प्रासंगिक : रश्मि वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

मानिकपुरी पनिका समाज चूलगहन परिक्षेत्र के तत्वाधान ग्राम रानीतराई में कबीर प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। दीप प्रज्जवलन गन्नूदास महंत के द्वारा किया गया, शोभायात्रा, चौंका आरती, भोजन भंडारा, अतिथि उद्बोधन पश्चात सामूहिक आरती के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, रश्मि भेदप्रकाश वर्मा जनपद सदस्य पाटन विशिष्ट अतिथि ललित कुमार मानिकपुरी जिला अध्यक्ष, विशेष अतिथि सुन्दरदास मानिकपुरी जिला उपाध्यक्ष रामदास मानिकपूरी तहसील अध्यक्ष, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, सत्यनारायण टिकरिहा सरपंच रानीतराई राजा ठाकुर उपसरपंच, प्रियलता महिपाल सरपंच औसर, भविष्य जैन प्रभारी ने संत कबीर की पूजा आरती कर समाज, क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और सौहार्द की मंगलकामना की। जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने संत कबीर दास की अमृतवाणी का बखान करते हुए कहा कि उनके सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने सामाजिक मांग आहता निर्माण को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास पहुंचाने का आश्वासन दिया। जिप दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष,विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने अपने संबोधन में कहा कि कबीर साहेब ने समाज में फैली जाति-पाति, ऊंच-नीच और अंधविश्वास का विरोध करते हुए मानवता, सद्भाव और सच्ची भक्ति का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब के उपदेश केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और नैतिक जीवन के लिए भी प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष परदेशीदास मानिकपुरी, महामंत्री नंदूदास, गोकुलदास, संरक्षक रोहित दास, नोहरदास, द्रोपदी साहू, जीवराखन साहू, लोमस दास, दिलीप देवांगन, पुनेंद्र रघुवंशी, सुमित विश्वकर्मा कृष्णा दास, नेतराम वर्मा, केजू राम निषाद, सचिव हिम्मतदास आदि उपस्थित थे।

# सहकारिता सप्ताह में किसानों को बांटे गए चेकबुक और एटीएम कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत ग्राम परसदा स्थित सेवा सहकारी समिति क्रमांक 290 में मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत एवं भाजपा मंडल ओटेबंद के अध्यक्ष कुलदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं सहकारिता ध्वज के ध्वजारोहण के साथ की गई। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को चेकबुक एवं एटीएम कार्ड वितरित किए गए, जिससे किसानों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके।

मुख्य अतिथि कुलदीप साहू ने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार सहयोग कर रही है।

कार्यक्रम में क्षेत्र के किसान ओंकार साहू, गोपी देशमुख, जनक साहू, मोहन साहू, बरसन साहू, हेमाराम ठाकुर, ढेलुराम साहू, दीपक साहू, योगेश देसलहरा, गिरधर साहू, तेजराम, लेखूराम, सुरेश कुमार पटेल, राजेंद्र पटेल, उज्जवल पटेल और जोगीराम साहू सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। साथ ही सेवा सहकारी समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर चंद्रकिरण साहू, धनंजय साहू, लिपिक जगदेव साहू, नारद साहू एवं विक्रेता भारत यादव भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।






# जर्जर भवन में बनाया जा रहा मिड-डे मील, हर पल रहता है हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

■ बाउंड्रीवॉल का पता नही, जारी है बंदरों का आतंक

बीते पखवाड़े भर से सभी स्कूल खुल गए, लेकिन धरातल पर जाकर देखे तो पूरा सिस्टम ही कई जगह फेल है। कही स्कूल में कमरे नहीं तो कही शिक्षक कमी कही शौचालय खस्ताहाल हो चुके है। वहीं कई स्कूलों में बाउंड्रीवाल नहीं होने आवारा कुत्ते का अड्डा स्कूल बन गए हैं। कहीं बच्चों को शेड नहीं होने से प्रार्थना में परेशानी होती है तो सेजस में नई पुस्तकों का दूर दूर अता पता नहीं। सवाल उठता है कि ऐसे में बच्चे कैसे गढ़ेंगे अपना भविष्य, पालकों की चिंता बढ़ रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला में 20 बच्चे और माध्यमिक विद्यालय निकुम में तकरीबन 113 बच्चे पढ़ रहे है। यहां डर के साए में मिड मिल बन रहा है, गौरतलब है कि बंदरों की उछलकूद और कच्चे खपरैल का स्कूल होने से दुर्घटना होने का भय सता रहा है।

### पर्याप्त कमरे नहीं, शिक्षकों की भी कमी

स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस इंग्लिश व हिन्दी स्कूल निकुम में कई शिक्षक की कमी है। गौरतलब है कि तकरीबन दोनों पाली में 800 बच्चे पढ़ते है। यहां कई समस्याएं है। किचन शेड के चारों ओर पैक नहीं हुआ है। बारिश के पानी के साथ कीड़े मकोड़े जाने का भय सता रहा है। वही कई विषय के शिक्षक नहीं होने बच्चो को बहुत तकलीफ है। फिलहाल तीन कमरे की मांग विधायक ललित चंद्राकर से की गई है लेकिन अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है।बाउंड्री वाल अधूरी होने से देर शाम होते ही स्कूल मैदान नशेडियों का सुरक्षित अड्डा बन जाता है।

### रूदा स्कूल में कई सालों टूटी पड़ी है बाउंड्रीवॉल

प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल सलग्न, हाई स्कूल का बाउंड्री वाल कई सालों से टूटा हुआ है। वहीं प्राथमिक शाला निकुम बस स्टैंड निकुम का सन 1902 का स्कूल मर्ज होने के कारण बंद हो गया। लेकिन तकरीबन ढाई लाख की लागत से कमरे का संधारण करने के बाद आज तक कार्य अधूरा है।

# साहित्य साधकों और शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

हमर चिन्हारी साहित्य समिति एवं साहित्य लेखन रिसोर्स शिक्षक परिवार, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन हॉल, सिविल लाइंस, रायपुर में साझा बाल काव्य संग्रह ₹मोर अंगना के शोर₹ के भव्य पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा, संस्कृति एवं समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों, साहित्यकारों एवं रचनाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विशिष्ट अतिथि अनुज शर्मा विधायक धरसींवा, प्रभात मिश्र अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग, अमित चिमनानी (सी.ए.) भा.ज.पा. छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता , डॉ गीतादेवी प्रदेश कोषाध्यक्ष भा. ज. पा. सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ और के.शारदा राष्ट्रपति पुरस्कृत रहे।



समारोह का मुख्य आकर्षण साझा बाल काव्य संग्रह ₹मोर अंगना के शोर₹ का विधिवत विमोचन रहा। पुस्तक के संपादक विरेन्द्र कुमार साहू प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी संकुल केंद्र-बठेना विकास खंड-पाटन जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़,ने बताया कि यह संग्रह हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा की 121 कविता थीम आधारित बाल कविताओं से सुसज्जित है। एफ एल एन,नई शिक्षा नीति 2020 की निहित उद्देश्यों एवं समावेशी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कविता की रचना किया गया है साथ क्यूआर कोड जोड़ा गया है, जिससे बच्चे, शिक्षक, पालक तथा विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग विद्यार्थी भी कविताओं को डिजिटल माध्यम से सुन एवं समझ सकेंगे। यह पुस्तक छत्तीसगढ़ में बाल साहित्य और डिजिटल नवाचार का एक अभिनव प्रयास है। मोर अंगना के शोर नामक पुस्तक गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भी नॉमिनेशन हो गया है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

## सिटी इवेंट

# 629 वें कबीर प्राकट्य दिवस पर प्रसादी व शर्बत का वितरण



**दुर्ग।** सदगुरु कबीर धर्मदास वशावली मिशन के प्रवर्तक पंथ हुजुर उदित मुनि साहब के निर्देशानुसार संपूर्ण भारत वर्ष के प्राकट्य महोत्सव दुर्ग जिला में सदगुरू कबीर साहब का 629 वां प्रकट्य उत्सव पर राजेन्द्र पार्क चौक में भोजन प्रसादी हलवा पूड़ी छोले सब्जी शर्बत वितरण भजन, संत्सग के साथ मनाया गया। जिसमें एसकेडीवी मिशन के राष्ट्रीय प्रमुख प्रमोद साहू एसकेडीवी मिशन दुर्ग के बोधन साहू ठकेश साहू, कीर्ति साहू, श्यामा साहू डॉ. कामता साहू, समतूराम साहू, किशन साहू, तिलक दास साहू, ओझा साहू सुरेश साहू नामदास साहू चन्द्रप्रकाश साहू परमेश्वरी साहू, केवरा साहू, प्रीति साहू, पुनिया प्रभा साहू सुषमा साहू, अजय, टोमिन साहू, कलेन्द्रीय साहू, सुरेन्द्र साहू, भूपत साहू आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।




## समाज लाइव

# देहदान कर समाज के समक्ष प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया




**दुर्ग ।** मीनाक्षी नगर निवासी तथा सीएसईबी के पूर्व कार्यपालन अभियंता सिविल लक्ष्मी प्रसाद सोनी एवं उनकी धर्मपत्नी नलिनी सोनी ने अपनी विवाह वर्षगांठ के अवसर पर अंगदान, नेत्रदान एवं त्वचादान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी दान संबंधी वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया, राजेश पारख, हरमन दुलई एवं रितेश जैन को सौंपी। इस पुण्य संकल्प के अवसर पर उनकी पुत्री डॉ. अंजलि सोनी, निवेदिता सोनी तथा पुत्र मयंक सोनी ने भी अपनी सहमति एवं समर्थन व्यक्त किया। नलिनी सोनी ने कहा कि ऐसे निर्णयों में प्रायः परिवार की सहमति मिलना कठिन होता है, लेकिन उनकी पुत्री चिकित्सक होने के कारण अंगदान, नेत्रदान एवं त्वचादान के महत्व को भली-भांति समझती हैं। इसी कारण पूरे परिवार ने इस निर्णय का समर्थन किया। इस अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई, रितेश जैन, राजेश पारख, जितेंद्र हासवानी, मंगल अग्रवाल, किरण भंडारी, उज्वल पींचा आदि मौजूद रहे।

● कुरूद में मां सुमिरण माई के गुरु सत्संग एवं महायज्ञ से गूंजा वातावरण, सांसद विजय बघेल भी हुए शामिल

# गुरु महिमा, कुलदेवी पूजन और पारिवारिक संस्कारों पर दिया संदेश, गुरु सत्संग और महायज्ञ में दी आहूति

भिलाई। दो दिवसीय दिव्य गुरु सत्संग एवं महायज्ञ का आयोजन ग्राम कुरूद में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। भैरवी धाम, खैरा, राजनांदगांव की पीठाधीश पूज्या मां सुमिरण माई के धर्ममय, ओजस्वी एवं मृदुल वचनों ने हजारों श्रद्धालुओं के हृदय को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। पूरा वातावरण जय गुरुदेव और सनातन धर्म की जय के उद्घोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। उन्होंने गुरु गद्दी का आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजन की सराहना की तथा समाज में ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। सत्संग कथा के आयोजक शुभम शर्मा और श्वेता शर्मा सहित सभी कुरूदवासी एवं क्षेत्र के धर्मप्रेमियों का योगदान रहा।



### यज्ञ-हवन से हुआ कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंतिम चरण में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। मां सुमिरण माई ने यज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि प्रकृति हमें जो कुछ भी प्रदान करती है, यज्ञ के माध्यम से हम उसी का एक अंश श्रद्धा और कृतज्ञता के भाव से परमात्मा को समर्पित करते हैं। यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सकारात्मक ऊर्जा और लोककल्याण का महान माध्यम है। श्रद्धालुओं ने पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा के साथ यज्ञ में आहुति अर्पित कर विश्व कल्याण, परिवार की सुख-समृद्धि तथा समाज में धर्म, शांति और सद्भाव की कामना की।

### गुरु की महिमा एवं सनातन धर्म का संदेश

सत्संग का शुभारंभ वैदिक विधि-विधान से गुरु अनुष्ठान के साथ हुआ। मां सुमिरण माई ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि वह दिव्य चेतना है जो मनुष्य के जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। गुरु के बिना आत्मज्ञान, साधना और ईश्वर प्राप्ति का मार्ग कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में गुरु के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल एवं सार्थक बनाना चाहिए।



### कुलदेवी-कुलदेवता व पितृ देवताओं की आराधना का महत्व

मां सुमिरण माई ने अपने प्रवचन में कुलदेवी-कुलदेवता तथा पितृ देवताओं की पूजा-अर्चना के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार की अपनी कुल परंपरा होती है और कुलदेवी-कुलदेवता उस परिवार के रक्षक एवं कल्याणकारी स्वरूप हैं। उनकी नियमित श्रद्धा एवं विधिपूर्वक पूजा करने से परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति बनी रहती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि आधुनिक जीवन की व्यस्तताओं के बीच भी अपने कुलदेवी-कुलदेवता एवं पितृ देवताओं के प्रति श्रद्धा, विश्वास एवं कृतज्ञता बनाए रखें। यही हमारी संस्कृति की पहचान और सनातन परंपरा की अमूल्य धरोहर है।

### पारिवारिक संस्कारों पर दिया प्रेरक संदेश

माई ने आधुनिक पारिवारिक जीवन पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के समय में माता-पिता बच्चों के मित्र बनने का प्रयास तो करते हैं, लेकिन कई बार मर्यादा एवं अनुशासन की सीमाएँ समाप्त हो जाती हैं। परिणामस्वरूप बच्चे अपने माता-पिता का सम्मान और अनुशासन का महत्व समझने में पीछे रह जाते हैं तथा जीवन के नैतिक मार्ग पर दृढ़ता से चलने में कठिनाई अनुभव करते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों के प्रति प्रेम के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन, मर्यादा और धर्म के मूल्य भी प्रदान करने चाहिए। परिवार में धार्मिक वातावरण, सत्संग, पूजा-पाठ एवं संस्कार ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की वास्तविक नींव हैं। दो दिवसीय इस दिव्य आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। माँ सुमिरण माई के प्रेरणादायी प्रवचनों से समूचा वातावरण भक्तिरस से ओत-प्रोत हो गया। श्रद्धालु पूरे समय भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक भाव में डूबे रहे।

### रिसाली में मनाया कबीर साहेब प्राकट्य दिवस

सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य दिवस पर सरस्वती कुंज पूर्व रिसाली भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में चंद्रभूषण साहू अध्यक्ष,जिला साहू संघ भिलाई, कामता प्रसाद साहू अध्यक्ष, तहसील साहू संघ रिसाली, भिलाई और कबीर साहू संयोजक, व्यापारी प्रकोष्ठ, जिला साहू संघ भिलाई उपस्थित थे।



## कल्याणी संस्था ने चलाया जागरुकता अभियान

# पम्पलेट वितरण और नुक्कड़ नाटक से दी गई नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण और अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने 19 स्थानों पर जागरुकता अभियान चलाया। कार्यक्रम के दौरान भाषण, प्रस्तुतिकरण, पम्पलेट वितरण और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

इस दौरान लोगों को बताया गया कि नशा किस प्रकार शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाता है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामशीला की कुटिया वृद्धाश्रम तथा कल्याणी नशामुक्ति केंद्र में योग शिविर का भी आयोजन किया गया। संस्था द्वारा 19 विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों



का आयोजन कर नशे जैसी मानसिक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस आयोजन के पश्चात नशामुक्ति उपचार को लेकर पूछताछ बढ़ी है। साथ ही कुछ परिवारों ने अपने सदस्यों को उपचार के लिए केंद्र में भर्ती भी कराया है।

### यहां चलाया जागरुकता अभियान

कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने शहीद वीरनारायण नगर शीतला चौक खुर्सीपार, सूर्यपथ फाउंडेशन स्कूल आदित्य नगर दुर्ग, वार्ड-48 क्रांति मार्केट, जोन-3 खुर्सीपार आंगनबाड़ी, स्वामी आत्मानंद स्कूल फरीद नगर सुपेला, वार्ड-50 शास्त्री नगर, बाबा बालकनाथ मंदिर खुर्सीपार, शासकीय हाई स्कूल कृष्णा नगर सुपेला, शासकीय माध्यमिक स्कूल कृष्णा नगर सुपेला, दीक्षा पब्लिक स्कूल सुपेला, आरके ग्राउंड कृष्णा नगर सुपेला, बास्केटबॉल ग्राउंड सेक्टर-2 भिलाई, सरस्वती शिशु मंदिर हथखोज, आंगनबाड़ी हथखोज, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हथखोज, स्वामी आत्मानंद स्कूल खुर्सीपार, एचबीएस एकेडमी भिलाई विद्यालय सेक्टर-2, गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी कल्याण कॉलेज मैदानसेक्टर-7, डबरा पारा भिलाई-3, कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र न्यू कृष्णा नगर सुपेला और रामशीला की कुटिया वृद्धाश्रम जुनवानी में अभियान चलाया गया।

## बताया खेलों का महत्व

# कराते खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र का किया वितरण



**भिलाई।** नगर पालिका निगम क्षेत्र में रविवार को क्योकुसिनकॉन कराते टीम द्वारा परीक्षा का आयोजन किया। इस दौरान उत्तीर्ण होने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व सीएम भूपेश बघेल थे। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि जीवन में खेलो का बड़ा महत्व होता है। आत्मरक्षा के लिए कराते बेहतर है। हर खेल जीवन में कभी न कभी काम आता है। कार्यक्रम में महापौर निर्मल कोसरे, कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जामगांव आर प्रभारी राम कुमार सूर्यवंशी, सुजीत बघेल समेत अन्य मौजूद थे।

# पुरस्कार कार्य संस्कृति व टीमभावना का प्रतीक




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह का द्वितीय चरण हुआ। दूसरे दिन संयंत्र के विभिन्न विभागों के 34 समूहों के 266 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके सामूहिक उत्कृष्ट योगदान के लिए जवाहर लाल नेहरू समूह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम चरण में 274 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया था। मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यकारी निदेशक प्रभारी और कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती थे। विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, पवन कुमार, प्रबीर कुमार सरकार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तुषारकांत थे।

श्री चक्रवर्ती ने कहा कि समूह पुरस्कार संगठन में सामूहिक कार्यसंस्कृति, परस्पर विश्वास तथा टीम भावना का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़ी उपलब्धि के पीछे टीम के प्रत्येक सदस्य का योगदान महत्वपूर्ण होता है । महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर ने पुरस्कारों की रुपरेखा प्रस्ततु की।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका मीणा और धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक अंजना विनोद ने किया प्रशस्ति पत्र समायला अंसारी तथा सहायक प्रबंधक मिहिर मनोहर ने पढ़ा।

## कोसा नगर जगन्नाथ मंदिर में भगवान का 108 कलशों से हुआ दिव्य महास्नान

# अत्यधिक स्नान से महाप्रभु पड़े बीमार, 14 दिन अनासर गृह में करेंगे विश्राम, जल्द ठीक होने कर रहे प्रार्थना

कार्नर न्यूज



भिलाई। स्नान पूर्णिमा के अवसर पर कोसा नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा का 108 कलशों के पवित्र जल से महास्नान शुभ मुहूर्त में पूरे विधि-विधान से संपन्न कराया गया। स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ ने गजपति वेश में भक्तों को दर्शन दिए। इस अवसर पर मुख्य रुप से रवि रायका उपस्थित रहे और उन्होंने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर आरती भी की। इसके पश्चात भगवान का गजवेश में भव्य श्रृंगार किया गया।




### आयुर्वेदाचार्यों की निगरानी में 14 दिन तक आराम करेंगे महाप्रभु

ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर अत्यधिक स्नान के कारण महाप्रभु बीमार हो गए और रात 9 बजे उन्हें अणसर गृह गर्भ गृह में ले जाया गया। जहां अब वे आयुर्वेदाचार्यों की निगरानी में 14 दिनों तक आराम करेंगे। इन दिनों में भगवान को अन्न-जल ग्रहण नहीं कराया जाएगा। भक्तगण उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करेंगे। इन दिनों मंदिर के पट बंद रहेंगे। जिसके बाद 14 जुलाई को नेत्रोत्सव मनाया जायेगा।

### मान्यता है : स्नान के बाद बीमार हो जाते हैं भगवान

मान्यता है कि स्नान के बाद भगवान बीमार हो जाते हैं और 15 दिन विश्राम करते हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम में एमआईसी भिलाई संदीप निरंकारी उपस्थित थे। पूजा-अर्चना मुख्य पुरोहित सुभाष कुमार होता द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर संग्राम सतपती, राधेश्याम दास, आलोक रथ, सुनील, नरेंद्र शुक्ला भी पूजा में शामिल हुए। संध्या कालीन आरती में संध्या अग्रवाल, सुनैना अग्रवाल, सरोज जैन, भावना चांदवानी, आभा रायका, सोनू सहित मंदिर कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोचन कुमार, राजू देवांगन, दिनेश साहू, राजकिशोर चौधरी, महानंद, कौशल्या, मीना, उमा और मंदिर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।



# HAPPY Doctor's day

डॉक्टर्स डे विशेष





## जीवन के रक्षक
# डॉक्टरों को नमन

### सेवा, समर्पण और संवेदना की मिसाल हैं डॉक्टर, मरीजों के भरोसे को निभाने वाले असली योद्धा

जब कोई व्यक्ति बीमारी, दर्द या संकट से जूझता है, तब डॉक्टर उसके लिए उम्मीद की सबसे बड़ी किरण बनकर सामने आते हैं। डॉक्टर केवल इलाज करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन बचाने वाला मार्गदर्शक होता है। हर साल 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाकर देशभर में चिकित्सकों के योगदान, समर्पण और सेवाभाव को सम्मान दिया जाता है। यह दिन उन सभी डॉक्टरों को समर्पित है, जो दिन-रात मानव सेवा में जुटे रहते हैं।



#### डॉक्टरों के सम्मान का दिन है डॉक्टर्स डे

भारत में डॉक्टर्स डे 1 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन महान चिकित्सक, शिक्षाविद और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। डॉ. रॉय ने चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई।



यह दिन हमें याद दिलाता है कि डॉक्टरों का काम केवल बीमारी का इलाज करना नहीं, बल्कि मरीजों और उनके परिवारों को भरोसा और हिम्मत देना भी है।

#### मरीज के लिए डॉक्टर होते हैं उम्मीद की किरण

किसी भी बीमारी के समय मरीज सबसे पहले डॉक्टर पर भरोसा करता है। डॉक्टर अपनी विशेषज्ञता, अनुभव और ज्ञान के माध्यम से मरीज को स्वस्थ जीवन की ओर ले जाने का प्रयास करते हैं। कई बार गंभीर परिस्थितियों में डॉक्टरों के सही फैसले और त्वरित उपचार से लोगों की जान बचाई जाती है।

कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में भी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा की और मानवता की मिसाल पेश की।

#### बदलते समय के साथ बढ़ी डॉक्टरों की जिम्मेदारी

आज चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। नई तकनीक, आधुनिक मशीनों और बेहतर उपचार पद्धतियों ने स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाया है। डॉक्टरों को लगातार नई जानकारियों और तकनीकों से अपडेट रहना पड़ता है। इसके साथ ही डॉक्टरों के सामने मरीजों की बढ़ती संख्या, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां और लोगों की बढ़ती उम्मीदों को पूरा करने की जिम्मेदारी भी है।

#### सेवा भाव के साथ निभाते हैं कर्तव्य

एक डॉक्टर का जीवन आसान नहीं होता। लंबे समय तक काम करना, आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत निर्णय लेना और मरीजों की चिंता को समझना उनके पेशे का हिस्सा है।

डॉक्टर अपने व्यक्तिगत समय और आराम को पीछे छोड़कर मरीजों की सेवा करते हैं। यही कारण है कि समाज में डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रूप भी माना जाता है।

#### डॉक्टर और मरीज के बीच भरोसे का रिश्ता

इलाज केवल दवाइयों से नहीं, बल्कि भरोसे और सकारात्मक सोच से भी जुड़ा होता है। डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास का रिश्ता उपचार को और बेहतर बनाता है।

एक संवेदनशील डॉक्टर मरीज की परेशानी को समझते हुए न केवल उसका इलाज करता है, बल्कि उसे मानसिक रूप से मजबूत बनाने का भी काम करता है।

#### डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों को सम्मान

डॉक्टर्स डे केवल शुभकामनाएं देने का दिन नहीं, बल्कि डॉक्टरों के योगदान को समझने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। समाज को भी डॉक्टरों के कार्यों का सम्मान करना चाहिए और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

Happy Doctor's Day
नि:संतान दम्पति मिलें
बिना टेस्ट ट्यूब के (IVF, ICSI)
90% तक सफलता
Follicular Study, IUI,
Seman Wash, Sperm Bank द्वारा
बिना टॉका बच्चादानी निकालना मात्र रू. 20,000/- में
अग्रवाल पॉलीक्लिनिक
डॉ. एस. के. अग्रवाल (एम.डी.)
पचरीपारा, नया बस स्टैण्ड के सामने, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9685242861
सभी सुविधायें एक जगह पर उपलब्ध है
समय :-सुबह 10 से 03 बजे तक एवं शामः 06. से 08 बजे तक

होम्योपैथिक एलर्जिक क्लिनिक
डॉ. संजय मनवानी
BHMS, PGNAHI, GOLD MEDALIST
Since-2001
विशेष- एलर्जिक अस्थमा, एलर्जिक राईनाइटिस, डस्ट एलर्जी, बार-बार छींके आना, बच्चो का बार-बार बुखार आना, एलर्जिक अर्थकेरिया, खुजली का जड़ से होम्योपैथिक इलाज
प्रदिप्ति नगर, बोरसी, समय- सुबह 9.30 से 11.00
स्टेशन रोड, सिंधी कालोनी, PNB के पीछे, दुर्ग सुबह 11.00 से शाम 8.00
0788-4011329, 98271-56836
हर शनिवार रायपुर में 215, GRAND MARIDIAN, OLD SAMRAT TALKIES FAFADIH CHOWK, STATION ROAD, RAIPUR
खैरागढ़ हर प्रथम और तृतीय रविवार
नये मरीज APPOINTMENT पर ही देखे जाते है।

SATYADEEP™
DIAGNOSTICS & CLINIC
पताः- शॉप नं.1, लक्ष्मी मार्केट रोड, सुपेला, भिलाई 9179389854
सोनोग्राफी, एक्स-रे, पैथोलॉजी, इ.सी.जी.
बी.पी.एल./स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्डधारी कैंसर के मरीजों एवं वरिष्ठ नागरिकों को हर जाँच पर 40% की भारी छूट
Happy Doctor's Day
सोनोग्राफी
पैथोलॉजी
ई.सी.जी.
ओ.पी.डी.
डिजिटल एक्स-रे
3डी-4डी सोनोग्राफी
खून-पेशाब जाँच केन्द्र
कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब
महिलाओं की सोनोग्राफी महिला डाक्टर के द्वारा की जाती है
डॉ. सौरभ साव
मेडिकल डायरेक्टर एवं संकलटेंट
समय : प्रतिदिन सुबह 9:00 से रात 9:00 बजे तक
सत्यदीप डायग्नोस्टिक एवं क्लीनिक
पताः शॉप नं. 1, लक्ष्मी मार्केट रोड, सुपेला, भिलाई
IAF

Happy Doctor's Day
एक शुभचिंतक

Apex
Happy Doctor's Day
Eye Hospital & Retina Center
• आँखों के पर्दे (Retina) के ऑपरेशन की सुविधा.
• पर्दे के जाँच हेतु सभी आधुनिक उपकरण जैसे OCT, B-SCA, FFA आदि उपलब्ध.
• आँखों के विशेष anti VEGF इन्जेक्शन लगाने की सुविधा.
• सभी प्रमुख बीमा कंपनी से कैशलेस इलाज एवं ऑपरेशन.
डॉ. सुयश नोएल
MBBS, MS (नेत्र रोग), FICO (UK) FVRS (रेटिना सर्जरी) राजकोट, गुजरात
नेत्र एवं रेटिना विशेषज्ञ
पता - स्वरूप टॉकिज के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग
मोबाईल : 9179668086, 0788-4015008

HAPPY DOCTOR'S Day
प्रसूति, स्त्रीरोग एवं नि:संतानता विशेषज्ञ
डॉ. संगीता पात्रे
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
(OBS & GYNEA)
चंदूलाल चंद्राकर हॉस्पिटल, नेहरु नगर भिलाई
Time : 11 AM to 2 PM

Madhavbaug®
Multidisciplinary Cardiac Care Clinics & Hospitals
1 जुलाई
राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस
के उपलक्ष्य में
माधवबाग की तरफ से
हार्दिक बधाई
धन्वंतरये नमः
स्वस्थ समाज के निर्माण में समर्पित सभी चिकित्सकों को सादर नमन।
सेवा | समर्पण | करूणा | प्रेरणा
आपकी सेवा, समर्पण एवं करूणा मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है।
स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।
माधवबाग
माधवबाग क्लीनिक
पंचकर्म सेंटर
पता - नेहरू नगर, भिलाई
सम्पर्क - 7587094019

## खबर संक्षेप

### 172 आवासों का आबंटन 3 जुलाई तक करें आवेदन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के तहत एएचपी घटक के अंतर्गत आवास आवंटन हेतु पात्र हितग्राहियों से 3 दिनों के भीतर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। शासन को भेजे गए कुल 4,372 आवासों के प्रस्ताव में से 4,200 आवास व्यवस्थापन के लिए आरक्षित किए गए हैं। शेष 172 आवासों पर सामान्य पात्र आवेदकों की भर्ती की जानी है। इस विज्ञप्ति के जारी होने की तिथि से आगामी 3 दिवस 3 जुलाई तक जोन 3 कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई में आवेदन कर सकते हैं। आवेदक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के निर्धारित मापदंडों को पूरा करता हो। भिलाई नगर निगम क्षेत्र का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक के पास स्वयं का पक्का मकान नहीं होना चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड एवं राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र / जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) बैंक पासबुक की छायाप्रति, निवासरत होने का प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो लाना है। निर्धारित समय-सीमा 3 जुलाई के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। रिक्त सीटें सीमित होने के कारण आवंटन प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण की जाएगी।

### 21 से 23 अगस्त तक विशेष लोक अदालत

**दुर्ग।** उच्चतम न्यायालय, भारत द्वारा न्याय को जनसामान्य तक सुलभ, सरल एवं सहभागी स्वरूप में उपलब्ध कराने की अभिनव पहल समाधान समारोह, 2026 के अंतर्गत समापन चरण में 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति, संवाद एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है, ताकि पक्षकारों को सहज, मानवीय एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके

# टाउनशिप की बसाहट बचाने जन-जन तक पहुंचे विधायक देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने भिलाई टाउनशिप की बसाहट और शहर की पहचान को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सोमवार को भिलाई की बसाहट बचाओ जनसंपर्क अभियान की शुरुआत सेक्टर-2 से की। अभियान के पहले दिन उन्होंने पार्षदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ घर-घर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं से अवगत हुए और टाउनशिप को बचाने की इस मुहिम में सहयोग और समर्थन देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में रहने वाले लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं।

साथ ही सेक्टर-9 अस्पताल सहित बीएसपी क्षेत्र की बसाहट को कमजोर कर निजी हाथों में सौंपने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भिलाई की पहचान और वर्षों से बसे परिवारों के भविष्य पर किसी भी प्रकार का संकट स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह किसी राजनीतिक दल नहीं, बल्कि पूरे भिलाई के अस्तित्व और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को धर्म, जाति और राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा।

### सेक्टर-2 से शुरू किया जनसंपर्क अभियान



#### बैठक में लगातार संघर्ष का वादा

अभियान के तहत सेक्टर-2 के वार्ड-56, सड़क-15 तथा वार्ड-55, सड़क-12 में बैठकें आयोजित की गईं। विधायक ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी परेशानी को सुना और भरोसा दिलाया कि उनके अधिकारों और भिलाई की बसाहट की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। अभियान में पार्षद साधना सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परघनिया, सौरभ मिश्रा,रमाकांत देशलहरे, सेक्टर-4 के राजेश चौधरी, सेक्टर-3 के पार्षद सुरेश वर्मा, हरिश सिंह,साधना सिंह,नोमिन साहू , संजय राठी, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। विधायक यादव ने कहा कि अभियान आगे भी हर सेक्टर हर घर तक पहुंचेगा। वे लोगों से लगातार मिलकर करेंगे और सभी के सहयोग से भिलाई की बसाहट, सेक्टर-9 अस्पताल तथा शहर की विरासत को बचाने की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे।

## महापौर पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष हुए चोटिल

# भिलाई-चरोदा निगम में कमीशनखोरी और पेयजल समस्या को लेकर भाजपा का हल्ला बोल, उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में कमीशनखोरी जोरों पर रहने और विकास कार्य रुके होने को लेकर भाजपा ने महापौर और आयुक्त के खिलाफ हल्लाबोल प्रदर्शन किया। विरोध के दौरान न सिर्फ भिलाई चरोदा, बल्कि रायपुर, भिलाई, दुर्ग और कई अन्य जगहों से भाजपा नेता शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बेरीकेट्स लगाकर सुरक्षा घेरा बनाया था, लेकिन भाजपाइयों ने सुरक्षा घेरा को भी तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के पैसे में चोट आई। इसके बाद अस्पताल जाकर उन्होंने प्राथमिक उपचार कराया।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। सैकड़ों की संख्या में पुलिस कर्मी तैनात थे। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं को निगम के भीतर जाने से रोका। इस दौरान भाजपाईयों ने बेरीकेट्स के ऊपर चढ़कर शहर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने मंगल भवन भिलाई तीन के सामने मंच बनाकर निगम भिलाई तीन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। कांग्रेस की शहर सरकार पर भाजपाईयों ने जमकर अपना विरोध प्रकट कर नगर के विभिन्न समस्याओं का हल नहीं का आरोप लगाया और निगम को प्रदेश का सबसे घटिया निगम करार दिया। विरोध में भिलाई जिला के सभी भाजपाई समेत भिलाई-चरोदा मंडल के कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन आम जनता की समस्याओं को नहीं सुनती है। भाजपाईयों ने निगम को आडे. हाथ लेते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाइट समेत कई मूलभूत सुविधाओं की स्थिति काफी बेकार है। बीते चार वर्षो में सिर्फ यही काम यहां किया गया है। इसके चलते विकास पूरी तरह वार्डो में रुक गया है। हर वार्डो में पेयजल, बिजली समेत कई समस्याओं से लोग जुझ रहें है। निगम में हर विकास कार्यो में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता साफ झलक रहा है। भाजपाईयों ने चेतावनी दी कि यदि नगरवासियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं करने पर आने वाले समय में बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। इसकी सारी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

### सड़को का जीर्णोद्धार तक नहीं, सफाई व्यवस्था है बेकार




#### प्रदर्शन के दौरान ये भाजपाई रहे मौजूद



प्रदर्शन के दौरान भजापा से जिला प्रभारी रामजी भारती, भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन , नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, दया सिंह, महेश वर्मा, मनीष अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, गोपाल मेहता, खिलावन साहू, ललित मोहन, प्रमुनाथ मिश्रा, डॉ. राधेश्याम वर्मा, रविशंकर सिंह, चंद्रकांता मांडले, स्वीटी कौशिक, विशाल चंद्राकर, वरुण यादव, ए गौरी शंकर, राम खिलावन वर्मा, चंद्र प्रकाश पांडे, तुलसी ध्रुव, विपिन चंद्राकर, प्रेमलाल साहू, सीता साहू, श्याम सुंदर जायसवाल, पूर्णिमा ठाकुर, फिरोज फारुकी, कुसुम चंद्राकर, गुरु चरण सिंह, राकेश बंछोर, अपर्णा दास गुप्ता, नंदिनी जांगड़े, सत्यप्रकाश शर्मा, तुशांत वर्मा, रवि नाहर, बाल मुकुंद वर्मा, तेजस कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### कई वार्ड आज भी अंधेरे में

प्रदर्शनकारियों में पूर्व पार्षद राजेन्द्र सोनी ने कहा कि भिलाई-चरोदा निगम के वार्डो में स्ट्रीट लाइट लाइट नहीं जलती है। निगम के पास पोल में लगाने के क्लेम तक नहीं है। इसके अलावा कई पोल में खराब सीएफएल लगा हुआ है। उसे रिपेयर करके चलाया जा रहा है। जो सप्ताह भर चलने के बाद फिर खराब हो जाता है। इसे लेकर वार्ड के लोगों द्वाका निगम प्रशासन को कई बार शिकायत कर चुके है। लेकिन अपडेट आज तक नहीं हो पाया है।निगम की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ये निगम प्रशासन की घोर लापरवाही है।

#### पेयजल को लेकर बड़ी दिक्कत

चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर राव ने बताया कि निगम में अर्से से पेयजल समस्या से जनता जूझ रही है। भरी गर्मी में कई जगहों पर टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराया गया, लेकिन स्थायी निदान आज तक नहीं हुआ। लाखों की आबादी वाले भिलाई-चरोदा क्षेत्र में 40 वार्ड हैं, इन वार्डों में जनता को पेयजल समस्या से लगातार जूझना पड़ता है। इसके अलावा विकास कार्यों को छोड़कर सिर्फ कमीशनखोरी के चलते ही यहां विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। विकास के नाम पर सिर्फ यहां खानापूर्ति की जा रही है।

#### महापौर ने दी अपराध दर्ज कराने की धमकी

ब्लाक संगठन द्वारा अपराध दर्ज कराया जाएगा। उन्होने मंगल भवन के सामने खाली पड़ी जगह को लेकर प्रशासन को आवेदन दिया था, लेकिन भाजपाईयों ने सड़क पर टेंट गाड़कर प्रदर्शन किया गया। इससे मार्ग से निगम के वाहन, स्कूली बच्चों का आना जाना बाधित हुआ है। 48 घंटे के भीतर उनके खिलाफ अपराध दर्ज कराया जाएगा। अगर अपराध दर्ज नहीं हुआ तो ब्लाक कांग्रेस कमेटी धरना देकर उग्र प्रदर्शन करेगी।

**निर्मल कोसरे,** महापौर नपानि भिलाई-चरोदा

### अशोभनीय घटना से दुर्ग के मोहन बाल मंदिर परिसर की सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में लगातार सामने आ रही अप्रिय घटनाओं के बीच शासकीय भवनों की सुरक्षा, रखरखाव और निगरानी व्यवस्था को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। दुर्ग शहर के गंजपारा वार्ड 36 स्थित मोहन बाल मंदिर परिसर को लेकर स्थानीय नागरिकों ने गंभीर चिंता व्यक्त की हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहन बाल मंदिर परिसर में छोटे बच्चों के लिए स्कूल संचालित होता है। जहां लगभग 40 बच्चे अध्ययन करते हैं। बताया गया कि बीती रात्रि परिसर में गौवंश के साथ कथित रूप से अशोभनीय घटना सामने आई है। घटना से लोगों में भारी आक्रोश का माहौल है। घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस थाना पहुंचने पर पुलिस हरकत में आ गई। मामले में एक युवक को हिरासत में भी लिया गया है। घटना को स्थानीय लोगों ने गंभीर एवं निंदनीय बताया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस प्रकार की घटनाओं के पीछे परिसर की सुरक्षा और देखरेख में कमी एक बड़ा कारण हो सकती है। उनके अनुसार परिसर के मुख्य द्वार पर नियमित रूप से ताला नहीं लगाया जाता। भवन के कई कमरे खुले रहते हैं। परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और चौकीदार की व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि मोहन बाल मंदिर परिसर के कुछ कमरों में पिछले कई वर्षों से राशन दुकान संचालित की जा रही है।

### विस प्रश्नों के उत्तर भेजने में सहयोग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम विधानसभा के दशम सत्र 13 से होकर 17 जुलाई तक आयोजित है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रश्नों के उत्तर तैयार करने के लिये अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर जवाब भेजने के लिये जिला कार्यालय दुर्ग हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह को नोडल तथा डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# आईजी ने ट्रेनी उप निरीक्षकों और सूबेदारों को तकनीकी दक्षता को लेकर दी जानकारी

**भिलाई।** आईजी अभिषेक शांडिल्य ने ट्रेनी उपनिरीक्षको और सूबेदारों को तकनीकी जानकारी दी। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन दुर्ग स्थित दधीचि सभागार में हुआ। आईजी ने कहा कि ट्रेनी की अवधि में प्रत्येक पुलिस अधिकारी के सम्पूर्ण सेवा जीवन की सबसे महत्वपूर्ण व आधारभूत अवस्था होती है। अर्जित ज्ञान, अनुशासन,कार्य संस्कृति ही भविष्य में उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी बनने की नींव रखती है। ट्रेनिओं को सदैव शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ,सक्षम रहने, अनुशासन, ईमानदारी, संवेदनशीलता, निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने कानून सम्मत और पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग में तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए सीसीटीएनएस, ऑनलाइन चालान प्रणाली, ई-साक्ष्य संकलन, ई-एफएसएल, समन्वय पोर्टल, मेडलीपार, नेटग्रिड सहित अन्य डिजिटल प्रणालियों के प्रभावी उपयोग करे। वैज्ञानिक अनुसंधान, गुणवत्तापूर्ण केस डायरी लेखन, समयबद्ध विवेचना, डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण, अभियोजन की गुणवत्ता, न्यायालयीन प्रक्रिया को मजबूत बनाने को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर एसएसपी विजय अग्रवाल, एसएसपी एवं नोडल अधिकारी मणिशंकर चन्द्रा, सहायक नोडल अधिकारी, डीएसपी लाइन चंद्र प्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।



#### कानून के साथ-साथ तकनीक भी जरूरी

आईजी ने कहा कि सीसीटीएनएस, ऑनलाइन चालान प्रणाली, ई-साक्ष्य संकलन, ई-एफएसएल, समन्वय पोर्टल, मेडलीपार, नेटग्रिड समेत आधुनिक तकनीकी प्रणालियों के प्रभावी उपयोग,अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए ट्रेनियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। अधिकतम लाभ उठाते हुए व्यवहारिक ज्ञान, गुणवत्तापूर्ण लिखा-पढ़ी, अनुसंधान कौशल, न्यायालयीन कार्रवाई, वैज्ञानिक विवेचना तकनीकी दक्षता विकसित करने को कहा गया है। प्रत्येक प्रकरण में तथ्यों साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष विवेचना करें, पीड़ित-केंद्रित पुलिसिंग को प्राथमिकता दें। आम नागरिकों के साथ संवेदनशील सकारात्मक व्यवहार बनाए रखें। उन्होंने कहा कि आधुनिक पुलिस अधिकारी को कानून के साथ-साथ तकनीक, व्यवहार, नेतृत्व क्षमता एवं प्रभावी संवाद कौशल में भी दक्ष होना जरुरी है।

### जिला सहकारी विकास समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

देश में सहकारिता मंत्रालय के स्थापना की 05 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रस्तावित गतिविधियों के अंतर्गत कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत सहकारी समितियों के विस्तार हेतु रायशुमारी की गई। मत्स्य एवं दुग्ध समिति के गठन पर जोर देते हुए समितियों के विस्तार के साथ समिति सदस्यों को सक्षम बनाने हेतु विभागीय प्रयास करने के निर्देश दिये गये। बैठक में एडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, उपायुक्त सहकारी संस्थाएं सतीश पाटले, उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी, उप संचालक पशुपालन एवं दुग्ध विकास डॉ. वसीम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जनशिकायतों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में विभागवार समय-सीमा के लंबित आवेदनों की समीक्षा की। साथ ही लंबित आवेदनों का निराकरण समयावधि में करने के निर्देश दिये।

- कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत पोर्टल के लंबित आवेदनों के निराकरण की जानकारी लेते हुए कहा कि जनशिकायत संबंधी आवेदनों का अधिकारी त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जनशिकायत से संबंधित आवेदन लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत विभागों को प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही एल-1 अधिकारी को समय-सीमा के भीतर प्रकरण निराकृत करने कहा। विभागीय अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत तकनीकी दिक्कतों से अवगत कराया। कलेक्टर श्री सिंह ने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को उच्च स्तर पर आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पंचायतों में राजस्व प्रकरण अविवादित, नामांतरण, बंटवारा पंजीयन की जानकारी ली। साथ ही पंचायत सचिवों द्वारा राजस्व प्रकरणों के पंजीयन उपरांत रिकार्ड दुरुस्ती पर जोर देते हुए एसएलआर को पंचायतों में पंजीकृत प्रकरणों के रिकार्ड दुरूस्ती कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय प्रयोजन हेतु विभागों को भू-आबंटन के लंबित प्रकरण होने पर संबंधित विभाग राजस्व विभाग को प्रकरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि भू-आबंटन की कार्यवाही में प्रगति लायी जा सके। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम एवं अन्य पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने सीएमएचओ को एनएचएम भर्ती काउंसलिंग तिथि पश्चात उसी दिन नियुक्ति आदेश जारी करने के निर्देश दिये। इसके अलावा शेष अन्य पदों पर भी भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण कराने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने विभागीय बेस लाइन सर्वे अंतर्गत नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों से जानकारियां मंगायी जा रही है। संबंधित विभाग के अधिकारी अधीनस्थ अधिकारियों को उक्त जानकारी मय हस्ताक्षर के साथ संबंधित निकायों/जनपद को उपलब्ध कराने निर्देशित करें।

बैठक में एडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पांडे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## गुणवत्ता के साथ सभी कार्य जल्द पूरा करने की दी हिदायत

# सीसी रोड और सीवरेज सिस्टम पाइप लाइन निर्माण को देखकर भड़के आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई के निगम आयुक्त मंगलवार को ओम शांति चौक से कालीबाड़ी चौक तक बन रही सीसी रोड और डिवाइडर रेलिंग का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्य की खराब गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने निगम के इंजीनियर को फटाकर लगाई और गुणवत्ता के साथ कार्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय मंगवार सुबह जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सीसी रोड और सीवर सिस्टम पाइपलाइन एवं बैक लाइन की कच्ची नालियों की सफाई व्यवस्था देखा। काम धीमी गति से होने को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी जताई और जल्द निर्माण पूरा कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, उप अभियंता अशोक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, जोनल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



#### बारिश से पहले पूरा हो काम

आयुक्त ने ओम शांति चौक से कालीबाड़ी हाउसिंग बोर्ड के बीच निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना क्षेत्र में सीवर सिस्टम पाइपलाइन एवं बैक लाइन की कच्ची नालियों की सफाई व्यवस्था के काम को बारिश से पहले पूरा करने को कहा। बारिश के पहले नालियों की सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

#### निगम के चारों जोन में पात्र लोगों को मिलेगा पट्टा

छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर नागरिकों को उनकी भूमि की पहचान एवं स्वामित्व संबंधी सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पट्टा सर्वे अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पात्र नागरिकों के पट्टों का सर्वे कर किया जाएगा। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार पट्टा सर्वे कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभिन्न जोनों में ड्यूटी लगाई गई है। नियुक्त दल अपने-अपने जोन क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों तक पहुंचकर पट्टों का सर्वे करेंगे। उपायुक्त सह नोडल अधिकारी दिनेश कोसरिया की उपस्थिति में मंगलवार को नगर निगम सभागार में पट्टा सर्वे अभियान के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पट्टा सर्वे की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन, हितग्राहियों तक पहुंचने की कार्ययोजना तथा सर्वे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पट्टा सर्वे का कार्य पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य नागरिकों को उनकी भूमि से संबंधित अधिकारों को सुदृढ़ करना तथा प्रशासनिक सेवाओं को उनके घर-घर तक पहुंचाना है।

### बीएसपी में 109 अफसरों का बढ़ा ओहदा, मिली पदोन्नति

**भिलाई।** बीएसपी के अनेक साहबों का ओहदा बढ़ गया है।विभिन्न विभागों के 109 अधिकारियों को उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया। सहायक प्रबंधक (ई-1) से लेकर वरिष्ठ प्रबंधक (ई-4) तक के नव पदोन्नत अधिकारियों को उनके संबंधित विभागाध्यक्षों एवं कार्यपालक निदेशकों द्वारा पदोन्नति आदेश प्रदान किए गए। इस पदोन्नति प्रक्रिया के तहतसहायक प्रबंधक से उप प्रबंधक (ई-1 से ई-2) पद पर 2 अधिकारी, उप प्रबंधक से प्रबंधक (ई-2 से ई-3) पद पर 19 अधिकारी, प्रबंधक से वरिष्ठ प्रबंधक (ई-3 से ई-4) पद पर 23 अधिकारी तथा वरिष्ठ प्रबंधक से सहायक महाप्रबंधक (ई-4 से ई-5) पद पर 65 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया। विभिन्न ग्रेडों में कुल 109 अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की गई।

**स्वास्थ्य विभाग के दर्जनभर अफसर :** पदोन्नत अफसरों में सबसे अधिक स्वास्थ्य विभाग के लोग शामिल हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के 12 अधिकारियों को भी विभिन्न ग्रेडों में पदोन्नति प्राप्त हुई। अधिकारियों ने पदोन्नति के उपरांत संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, दक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ करने का संकल्प व्यक्त किया। प्रबंधन ने सभी पदोन्नत अधिकारियों पर विश्वास व्यक्त किया। कि वे अपनी नेतृत्व क्षमता, कार्यकुशलता का प्रदर्शन करते रहेंगे।

# HAPPY DOCTOR'S DAY



# डॉक्टर डे विश्वास, सेवा और संवेदना के रिश्ते का उत्सव

**मरीज और डॉक्टर के बीच भरोसे की डोर मजबूत करने वाला खास दिन, चिकित्सा जगत के समर्पण को नमन**

**एक डॉक्टर केवल इलाज करने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह मरीज के डर को कम करने वाला, उम्मीद जगाने वाला और जीवन के संघर्ष में साथ खड़ा रहने वाला साथी होता है। डॉक्टर डे ऐसे ही समर्पित चिकित्सकों के सम्मान का दिन है, जिन्होंने मानव सेवा को अपना कर्तव्य बनाया है।**



डॉक्टर बनने का सफर आसान नहीं होता। वर्षों की पढ़ाई, कठिन प्रशिक्षण और लगातार मेहनत के बाद एक चिकित्सक तैयार होता है। लेकिन डॉक्टर की असली पहचान उसकी डिग्री से नहीं, बल्कि मरीजों के प्रति उसके व्यवहार, संवेदनशीलता और सेवा भावना से होती है।



मरीज जब अस्पताल पहुंचता है तो वह अक्सर चिंता और परेशानी में होता है। ऐसे समय में डॉक्टर का विश्वास भरा व्यवहार उसे मानसिक मजबूती देता है। सही समय पर सही इलाज और उचित सलाह मरीज के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।

आज चिकित्सा क्षेत्र में विशेषज्ञ डॉक्टर, आधुनिक मशीनें और नई तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बना रही हैं। जांच से लेकर उपचार तक हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है, जिससे गंभीर बीमारियों का इलाज भी पहले से आसान हुआ है।

डॉक्टर डे केवल शुभकामनाएं देने का दिन नहीं, बल्कि उन सभी चिकित्सकों को याद करने का अवसर है, जो समाज को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका समर्पण और सेवा भावना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी।

डॉक्टर और मरीज का रिश्ता विश्वास पर आधारित होता है। इस रिश्ते को सम्मान देना और डॉक्टरों के योगदान को सराहना ही डॉक्टर डे का वास्तविक उद्देश्य है।

## अच्छे इलाज के लिए मरीज और डॉक्टर के बीच भरोसा, सहयोग और सही जानकारी जरूरी है

**डॉक्टर का चुनाव सोच-समझकर करें**

इलाज के लिए हमेशा योग्य और अनुभवी डॉक्टर का चयन करें। डॉक्टर की डिग्री, विशेषज्ञता और अनुभव की जानकारी जरूर लें।

**अपनी बीमारी की पूरी जानकारी डॉक्टर को दें**

मरीज को अपनी पुरानी बीमारी, दवाइयों, एलर्जी और स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जरूरी बातें डॉक्टर को बतानी चाहिए।

**डॉक्टर की सलाह को गंभीरता से लें**

डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा, जांच और सावधानियों का सही तरीके से पालन करना जरूरी है।

**खुद से दवा लेना बंद करें**

बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेना या इलाज बदलना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

**डॉक्टर से खुलकर बात करें**

अपनी परेशानी, लक्षण और सवाल डॉक्टर से पूछने में झिझक नहीं करनी चाहिए।

**इंटरनेट की जानकारी को अंतिम सच न मानें**

ऑनलाइन जानकारी मददगार हो सकती है, लेकिन सही इलाज के लिए डॉक्टर की सलाह जरूरी होती है।

**नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं**

बीमारी का इंतजार करने के बजाय समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाना बेहतर होता है।

**डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ का सम्मान करें**

डॉक्टर मरीजों की सेवा और इलाज के लिए मेहनत करते हैं। उनके साथ सहयोग और सम्मान का व्यवहार रखें।

**इलाज में धैर्य रखें**

हर बीमारी का इलाज अलग होता है। जल्दी परिणाम की उम्मीद में बार-बार इलाज बदलना सही नहीं होता।

डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. एन.एल. बंजारे
चिकित्सक केवल इलाज नहीं करते, बल्कि उम्मीद और विश्वास की नई किरण देते हैं। आपकी सेवा, समर्पण और मानवता के प्रति निष्ठा को नमन। हर मरीज के जीवन में आपका योगदान अनमोल है। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आपका अथक प्रयास प्रेरणादायी है। ईश्वर आपको सदैव स्वस्थ, प्रसन्न और ऊर्जावान बनाए रखें। आपकी मेहनत और समर्पण से समाज को नई दिशा मिलती है। डॉक्टर्स डे के इस विशेष अवसर पर सादर नमन। आपकी सेवा भावना और संवेदनशीलता हम सभी के लिए प्रेरणा है।
पूर्व खण्ड चिकित्सा अधिकारी-निकुम एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी उतई
अपना क्लीनिक
मिनी माता चौक, थाना के सामने, उतई

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified QCI
डॉ. दीपक वर्मा
डायरेक्टर
आर्थोपेडिक सर्जन
डॉ. संजय गोयल
डायरेक्टर
एनेस्थीसियोलॉजिस्ट एवं इंटेंसिविस्ट
Happy Doctor's Day
आप हमारे लिए अनमोल है
जहाँ उम्मीद खत्म होती है, वहाँ से डॉक्टर की कोशिश शुरू होती है।
Deepak Advts.
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4252222 | 7225059701
EMERGENCY 62691 62691

Admission Started With Proper & Progressive View
ANANT (Former I.G.) HIGHER SECONDARY SCHOOL
Ram Nagar (Supela), Bhilai Under C.G. Board
ADMISSION OPEN
HINDI and ENGLISH Medium Separately
Arts, Science & Commerce
CLASSES Pre-Primary to 12th
Contact : Personally 7.30am to 5.00 pm
INDIRA GANDHI HIGHER SECONDARY SCHOOL
Ward-15, Kohka Road Ram Nagar, Supela, Bhilai
Secretary Mob : 7489179859 | Principal Mob : 9691967023, 8819809555

M.R. ORTHOPEDICS HOSPITAL
डॉ. मानवेन्द्र जंघेल
एम.एस. आर्थोपेडिक (एस.एम.एस. जयपुर)
पूर्व रेजी. डॉ. रूमटोलॉजी विभाग, एम्स नई दिल्ली
(जोड़ एवं गठिया रोग विशेषज्ञ)
ओ.पी.डी. समय - सुबह 9 से 12, शाम 6 से 8 बजे तक
उपलब्ध सुविधाएं
* नये एवं पुराने फ्रेक्चर का आधुनिक इलाज
* C-ARM मशीन द्वारा हड्डी बैठाने एवं छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
* स्पोर्टस / लिगामेंट इन्जुरी (Arthroscopy)
* घुटने एवं कुल्हे का प्रत्यारोपण (Replacement)
* टेढ़ा-मेढ़ा हड्डियों का Illizarov विधि से इलाज
* जन्म जात विकृत पैर (क्लब फूट)
* कमर घुटने एवं गर्दन का दर्द
* गठिया, वात एवं अन्य जोड़ों की परेशानी (Arthritis)
* हड्डियों का कैंसर (Tumour)
* हड्डियों से मवाद निकलना (Infection)
* हड्डी एवं मांसपेशी से संबंधित अन्य बीमारी
Bhilai : Plot No. 24/7, Nehru Nagar (East), Agrasen Chowk, Near IDFC Bank, Bhilai (CG)
दुर्ग : बस स्टैंड के सामने, एम.पी.एच.बी. कॉम्प्लेक्स, दुर्ग
Contact : 9694936439, 9717132690

APEX SUPERSPECIALITY HOSPITAL
"आपका स्वास्थ हमारी जिम्मेदारी"
आपके स्वास्थ्य के सम्पूर्ण समाधान के लिए हर विभाग की विशेषज्ञता एक साथ
उपलब्ध सुविधाएं :-
24 घंटे इमरजेंसी एवं
एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध
ICU सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी/डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी
आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
हमारे विभाग एवं सुविधा
एडवांस आर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग
जनरल मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विभाग
स्त्री एवं प्रसूति विभाग
ट्रॉमा, एक्सीडेंट आपातकालीन विभाग
यूरोलॉजी विभाग
न्यूरोलॉजी विभाग
हृदय रोग विभाग
छाती एवं श्वास विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
कैंसर रोग विभाग
कैलाश नगर जी.ई. रोड, कुम्हारी, दुर्ग, छत्तीसगढ़
74409 23446, 96698 92333, 79740 34571

K. GURUNATH HOSPITAL
CARDIAC/MATERNITY
अत्याधुनिक सुविधा के साथ नए CATH LAB शुरूआत
Dr. K. Gurunath
MD, DM (Cardiologist) FESC, FCSI, Interventional Cardiologist
24x7 facility for ICCU & Interventional Procedures
Angiography, Angioplasty, BMV Pacemaker Implantation, 2D-Echo Cardiography, Doppler & Colour Flow Imagining Peadiatric & Foetal Echo Cardiography, TEE (Transesophageal Echo Cardiography)
Plot No. 19, Priyadarshini Parisar (E), G.E. Road, Supela, Bhilai Phone : 0788- 2294377

Happy Doctor's Day
भारत सरकार के उपक्रम NABL द्वारा 63 PARAMETERS से अधिक मान्यता प्राप्त छत्तीसगढ़ की एकमात्र संस्थान।
Life Care™ SCAN & RESEARCH PVT. LTD.
DIAGNOSTIC CENTRE
Approved By NABL ACCREDITED LABORATORY CERTIFICATE NO: MC-7206
FREE BLOOD SAMPLE COLLECTION FROM HOME
24X7 FREE AMBULANCE
We build bonds that go beyond just care.
LSR®
मनीष पारख
चेयरमैन, लाइफ केयर
सबसे विश्वसनीय रिपोर्ट्स , सबसे तेज जाँच
सबसे ज़्यादा विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा RECOMMENDED सेंटर
ANOTHER BRANCH
DURG: Om Parisar, Arya Nagar 834 9999 518
BHILAI: Shivnath Complex, Supela 910 9176 001
Dsigno महावीर ज्वेलर्स Life Care KISHAN VATIKA MEGH GANGA GROUP Images

दुर्ग शहर का सबसे विश्वस्नीय सर्व सुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
COLORS CHILDREN HOSPITAL
ENTRY LEVEL NABH CERTIFIED
NABH CERTIFIED HOSPITAL
शिशुरोग विशेषज्ञ
DR. RUPESH AGRAWAL
DR. ANKUR PARGANIHA
DR. ANKUR TIWARI
DR. AKANSHA PARGANIHA
DR. SAMIT PRASAD
बच्चों के हड्डी रोग विषेशज्ञ
हृदय रोग विशेषज्ञ
नेत्र रोग विशेषज्ञ
मनोरोग विशेषज्ञ
नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ उपलब्ध।
अतिशीघ्र बच्चों का ECHO कार्डियोग्राफी एवं सभी प्रकार की सोनोग्राफी की सुविधा आरंभ
बच्चों के सभी प्रकार की सर्जरी बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन द्वारा किये जाते हैं
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध।
आधुनिक मशीनों की सुविधा
24/7 SERVICE EVERYDAY
TPA TIE UP SBI General CSPDCL
0788 422 6328 80853 59609
www.colorschildernhospital.com hospitalcolors56@gmail.com colorshospital@56
चोपड़ा पैलेस के बगल में, महाराजा चौक के पास, न्यू आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)